Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Nagina Parliamentary Constituecy.

श्री गिरीश चन्द्र: सभापति महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय की मांग वहां के गरीबों के हित एवं उनकी शिक्षा हेतु रखना चाहता हूं । गरीब व्यक्तियों के उत्थान के लिए शिक्षा वह माध्यम है, जिसके द्वारा गरीब का बच्चा यदि अच्छी शिक्षा ग्रहण करता है, शिक्षित बनता है तो वह भी आईएएस और आईपीएस बनता है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि अच्छी शिक्षा की शुरुआत मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में भी हो । अत: मेरी यह मांग है कि एक केन्द्रीय विद्यालय मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में स्थापित करने की कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: यदि भूमिका में ज्यादा समय लगाएंगे तो मांग रखने में दिक्कत हो जाएगी । कृपया इस बात का ध्यान रखें । श्री अच्युतानंद सामंत जी ।